## महत्वपूर्ण एवं खास

### ग्राम तेलीकोट से दो नाबालिग स्कूली छात्र लापता

**फुसला कर ले जाने की आशंका, पुलिस ने 363 का मामला दर्ज किया**

रायगढ़ (आरएनएस)। खरसिया थाना क्षेत्र केग्राम तेलीकोट से दो स्कूल पढ़ने वाले छात्र लापता हैं। घर से स्कूल जाने के लिए निकला 14 वर्षीय बालक योगेष बंजारे वापस नही लौटा। वहीं दसवीं पढ़ने वाला 15 वर्षीय धरमपाल केंवट भी लापता है। दोनों मामलों में पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 363 का मामला कायम करके पतासाजी शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदलाल बंजारे वल्द हरिराम बंजारे साकिन तेलीकोट का पुत्र योगेश बंजारे उम्र 14 वर्ष जो गांव के मिडिल स्कूल में कक्षा 8 वीं में पढ़ता है। 17 जुलाई को घर से स्कूल जा रहा हूं कह कर निकला और वापस नही लौटा। आसपास पता किया तो उसके पिता को पता चला कि मोहल्ले का धरमपाल केंवट भी नही है। संभवतः दोनों एक साथ कहीं चले गये है। पिता ने शक व्यक्त किया है कि नाबालिग बालक को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पर धारा 363 का मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया गया है। इसी तरह ग्राम तेलीकोट का ही धरमपाल केंवट उम्र 15 वर्ष जो गांव के हाई स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ता है। 17 जुलाई से सुबह करीब 9 बजे से कहीं बिना बताये चला गया है। वह लगभग घर से 50 हजार रू. ले कर भी गया है। पिता ने नाबालिग बालक को बहला फुसला के ले जाने की आशंका जताई है। पिता रेषमलाल केंवट की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 363 का मामला दर्ज करके पतासाजी शुरू कर दी है।

### उत्पाती बंदरों पर लगेगी लगाम!

**40 लाख रुपए की लागत से बनना है सेंटर**

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में जल्द ही बंदरों के बढ़ते उत्पात को रोकने के लिए उनकी नसबंदी शुरू की जाएगी। साथ ही साथ शहर से लगे इंदिरा विहार में अलग से एक केन्द्र बनाया जाएगा। जिसमें डाक्टरों की देखरेख में बंदरों के स्वभाव संबंधी देखरेख, उनकी नसबंदी तथा बच्चों के जन्म संबंधी समस्त प्रक्रियाएं संपन्न कराई जाएगी। लगभग 40 लाख रूपए की लागत से बनने वाला यह केन्द्र छत्तीसगढ़ में दूसरा केन्द्र होगा जहां बंदरों के लिए अलग-अलग तरीके से उनके उत्पात को रोकने के लिए तैयारी की जाएगी।

### पुर्नमुल्यांकन प्रारंभ करने की मांग

**छात्रसंघ ने राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन**

रायगढ़। बिलासपुर विश्वविद्यालय के आदेश के बाद स्वशासी महाविद्यालयों में पुर्नमुल्यांकन करना बंद कर दिया गया है। इससे छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में आज छात्रसंघ के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल व कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द ही उचित कदम उठाने की मांग की है। छात्र नेताओं के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि बिलासपुर विश्व विद्यालय से संबंधित विभिन्न स्वशासी महाविद्यालयों में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में सेमेस्टर प्रणाली संचालित है। जिसमें वर्तमान के विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार मात्र अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का पुर्नमुल्यांकन की पात्रता है। इससे उत्तीर्ण एवं अंको से असंतुष्ठ छात्रों को व्यापक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में छात्र नेताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर छात्रहित में उचित कदम उठाने की मांग की है।

### क्रशर सील, 200 ट्रेक्टर गिट्टी जब्त

रायगढ़। कलेक्टर के आदेशानुसार व एस एस नाग उप संचालक के निर्देशानुसार आज ग्राम सोनबेला (घोघरा) तहसील बरमकेला में गाँव के सरपँच व पंचो के समक्ष रोशन लाल अग्रवाल निवासी भवानी पटना कालाहांडी का क्रशर सील किया गया लगभग 200 ट्रेक्टर गिट्टी जप्त किया गया। इस कार्यवाही में खनिज अधिकारी एम डी जोशी, सहायक खनि अधिकारी अनिल साहू, खनि निरीक्षक बी एल बंजारे खनि सुपरवाइजर सुनील दत्त शर्मा उपस्थित थे।

### खरसिया से दो नाबालिक बालक लापता

रायगढ़। खरसिया में दो नाबालिक बालक के 17 जुलाई की सुबह घर में बिना कुछ बताये कहीं चले गये हैं। बालक के परिजनों के द्वारा चौकी खरसिया में शिकायत दर्ज कराया गया है, बालकों की उम्र क्रमशः 14 एवं 15 साल के हैं जो दोनों एक ही मोहल्ले के रहने वाले है । थाना खरसिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 411, 412/18 धारा 363 ता.हि. पंजीबद्ध कर गुम बालकों की पतासाजी की जा रही है ।

### मोटर सायकल की डिक्की से 35,000 रू. की उठाईगिरी

रायगढ़। धरमजयगढ़ के नीचेपारा में मोटर सायकल के डिक्की में रखे 35,000 रू. को अज्ञात आरोपी चोरी कर ले उड़ा। जानकारी के अनुसार ग्राम बागडाही में रहने वाला जोगीराम यादव उम्र 42 वर्ष 17 जुलाई को धरमजयगढ़ पंजाब नेशनल बैंक आकर प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किस्त रकम 35,000 रू. निकालकर मोटर सायकल के डिक्की में रखा और डिक्की को नीचेपारा धरमजयगढ़ में लाक कर अरूण अग्रवाल नीचेपारा के दुकान में कटीला तार खरीदने गया, 10 मिनट बाद तार खरीदकर वापस मोटर सायकल के पास आया तो देखा डिक्की खुला था।

# एनटीपीसी आंदोलनकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने किया मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मुलाकात

रायपुर। एनटीपीसी प्रबंधन के मनमानी से त्रस्त होकर क्षेत्र के किसानों ने लगातार 4 महीने तक प्रदर्शन जारी रखा और साथ ही साथ आंदोलनकारियों ने अपने प्रतिनिधिमंडल के जरिए चर्चा का दौर भी जारी रखा। प्रशासनिक अमले के साथ कई दौर के बैठक होने पर भी अपनी मांग को पूरी न होते देख उन्होंने राज्य के मुखिया डॉ. रमन सिंह से बात करने की जुगत लगाई। पूर्व विधायक विजय अग्रवाल की कोशिश से आंदोलनकारियों को मुख्यमंत्री से मुलाकात करने का समय मिला। डॉ. रमन सिंह से मिलकर आंदोलनकारियों ने प्रतिनिधि मंडल के द्वारा अपनी व्यथा बताई और एनटीपीसी लारा परियोजना में हो रहे नियमों की अवहेलना की स्थिति से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि किस तरह से एनटीपीसी लारा परियोजना में छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति की अवहेलना हो रही है और एनटीपीसी की स्वयं की पुनर्वास नीति लागू होने की बात कही जा रही है। कृषि भूमि का अधिग्रहण होने के



पश्चात भी किसी एक भी भू-विस्थापित को नियमित रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जबकि प्रभावित 9 गांव मे एनटीपीसी लारा परियोजना द्वारा भर्ती किए जाने वाले पद के लिए शैक्षणिक योग्यता व प्रशिक्षित युवा उपस्थित हैं। परंतु उन्हें नकारकर योग्यता अनुसार नौकरी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है और पात्र अपात्र के नियमों में फंसाकर भू-विस्थापितों को पुनर्वास का लाभ नहीं दिया जा रहा है। पुनर्वास नीति पर विवाद का मामला उठा कर भू-विस्थापितों के साथ हो रहे विसंगतियों से मुख्यमंत्री को विस्तार से अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि मुख्यमंत्री जी ने आदर्श पुनर्वास नीति के अनुसार प्रभावित परिवार में से एक व्यक्ति को नौकरी मिलने की बात कही और इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए रायगढ़ कलेक्टर से मामले की जानकारी ली। तथापि भू-विस्थापितों को एनटीपीसी लारा परियोजना में नौकरी प्रदान करने हेतु उद्योग सचिव को अग्रिम कार्रवाई के लिए पत्र अग्रसित किया।

अपनी मांग पर मुख्यमंत्री का आश्वासन मिलने पर जहां आंदोलनकारियों में प्रसन्नता है, वहीं आंदोलनकारियों का कहना भी है कि इससे पूर्व मे मुख्यमंत्री जी को मामले को अवगत कराया गया है और इस पर संज्ञान लेते हुए कई पत्र भी प्राप्त हुए। परंतु प्रशासन तथा एनटीपीसी प्रबंधन ने इस पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं किया है। अतएव जब तक किसी भी प्रकार की जमीनी स्तर की प्रतिक्रिया दिखाई नहीं देगी तब तक हम आंदोलन जारी रखेंगे और हमारा आंदोलन हमेशा की तरह शांतिपूर्ण ही जारी रहेगा। आंदोलनकारियों ने एनटीपीसी प्रबंधन पर यह आरोप लगाया कि तथ्यों को तोड़ मरोड़कर शासन के उच्च स्तर पर भू-विस्थापितों के सम्बन्ध मे गलत जानकारी दी गई है तथा छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के अधिकारों का हनन करते हुए एनटीपीसी ने स्वयं के पुनर्वास नीति लागू कर स्थाई नौकरी को समाप्त कर दिया है। उनका कहना है कि दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है, इसीलिए जब तक हमें परिणाम नहीं मिल जाते हम रुकने वाले नहीं हैं। इस तरह से आंदोलनकारियों में उत्साह और आशा के संचार के साथ आंदोलन जारी रखा।

## आबकारी आरक्षक से 31 लाख रुपए की लूट करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार, 3 लुटेरे शराब कारोबारी से जुड़े हो सकते हैं



रायपुर. हाल ही में शहर के अनुपम गार्डन के पास हुई लूट की वारदात में शामिल 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. 31 लाख रुपए की लूट के इस वारदात में शामिल इन आरोपियों में से 3 छत्तीसगढ़ से ही हैं, जबकि 3 आरोपी बिहार के रहने वाले हैं. सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले से जुड़े 3 आरोपी शराब कारोबारी से जुड़े हैं.

गौरतलब है कि अनुपम गार्डन के पास आबकारी आरक्षक प्रशांत शर्मा से करीब 31 लाख रुपए की लूट की वारदात हुई थी. 14 जुलाई की रात प्रशांत मोवा,टिकरापारा और पुरानी बस्ती स्थित शराब दुकान से करीब कलेक्शन किया.


इस पैसे को लेकर वह डगनिया आफिस जा रहा था, तभी अनुपम गार्डन के पास एक गाड़ी पर सवार 3 लोगों ने जबरन उसे रोक लिया और आंख में मिर्च पावडर झोंककर उसकी जमकर पिटाई की. बाद में ये आरोपी प्रशांत के पास रखे रूपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गये.

## 65 साल के मौलवी ने किया 8 साल की मासूम का रेप, गिरफ्तार

दरभंगा (आरएनएस)। बिहार के दरभंगा जिले में एक 8 साल की मासूम के साथ बलात्करा का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, बच्ची जिस मौलवी से ट्युइशन पढ़ने जाती थी, उसी ने उसके साथ रेप किया। पुलिस ने आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला दरभंगा जिले के हायाघाट पुलिस थाने के अंतर्गत एक गांव का है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मौलवी की पहचान हाफिज मुजीबुर रहमान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, रहमान पीड़िता को उसके घर पर पढ़ाने जाता था। मंगलवार को उसने लड़की को चॉकलेट का लालच देकर ट्युइशन के दौरान ही कथित रूप से रेप किया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर उसकी मां दौड़ी आई और देखा कि रहमान जबर्दस्ती बच्ची का मुंह बंद करने की कोशिश कर रहा है।

## उत्तराखंड में बस खाई में गिरी, 14 लोगों की मौत, 18 घायल

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड के चंबा-उत्तरकाशी हाइवे पर गुरुवार को राज्य ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन की एक बस खाई में गिर जाने से 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि यह हादसा सूर्यधार के पास हुआ और बस करीब 250 मीटर गहरी खाई में गिर गई। स्थानीय प्रशासन और पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और राहत कार्य शुरू कर दिया गया है।



सभी घायलों को ऋषिकेश स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है जहां 6 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि बस में बड़ी संख्या में लोग सवार थे। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, चंबा-उत्तरकाशी मार्ग पर रोडवेज बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की दुखद सूचना मिली है। हादसे में मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों को तत्काल उपचार के निर्देश दिए हैं। गंभीर रूप से घायलों को हेलीकॉप्टर से एम्स लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रूपये की आर्थिक मदद तुरंत उपलब्ध कराने को कहा गया है।

## जंगल में चल रही आरी, तस्कर विभाग पर भारी, धड़ल्ले से हो रही जामंगा सर्किल में पेड़ों अवैध कटाई



रायगढ़। वन परिक्षेत्र रायगढ़ के बंगुरसिया के साथ ही अब जामंगा क्षेत्र भी अवैध कटाई के मामले को लेकर सुर्खियों में आ चुका है। यहां भी लकड़ी तस्कर सक्रिय हैं और अवैध कटाई को धड़ल्ले से अजांम दे रहे हैं, लेकिन रायगढ़ रेंजर के द्वारा अवैध कटाई को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। वहीं चक्रधर नगर पुलिस के द्वारा दो दिन पहले पकड़े गए पिकअप में लोड अवैध सरई का गोला व चिरान पकडने के बाद यहां विभाग के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया। इससे लगातार लकड़ी तस्करों के हौसले भी बुलंद हो रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बंगुरसिया व जुनवानी सर्किल में धड़ल्ले से अवैध कटाई जारी है। वहीं जामंगा सर्किल में भी लकड़ी तस्करों की काली नजर लंबे समय से पड़ी हुई है और यहां भी विभागीय कर्मचारियों के साथ सेटिंग कर जमकर लकड़ी तस्करी की जा रही है। इसका उदाहरण करीब दो दिन पहले उस समय देखने को मिला जब चक्रधर नगर थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ एक पिकअप में हजारों रुपए के अवैध लकड़ी को पकड़ा था। विभागीय जानकारों का कहना है कि अगर नियमानुसार हरेक बीटगार्ड व सर्किल प्रभारी अपने मुख्यालय में रहे तो लकड़ी तस्कर एक कीमती पेड़ तो दूर जलाऊ भी जंगल से नहीं ले जा सकते। बीटगार्ड व डिप्टी रेंजर का अपने मुख्यालय में नहीं रहने की वजह से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद हैं।

### नहीं हो रही बीट जांच

**जामंगा, बंगुरसिया व जुनवानी सर्किल के बीट जांच कराया जाए तो काफी मात्रा में अवैध कटाई का मामला सामने आ जाएगा। हांलाकि विभागीय अधिकारी खुद के बचाव के लिए उसे पुराना कटिंग बता देंगे, लेकिन पुराना भी अवैध कटाई की श्रेणी में ही आता है पर बताया जा रहा है कि बीट जांच नहीं कराकर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को बचाने व जंगल का सफाया होने देने में लगे हुए हैं।**

**न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की**

**खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।**

**स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090**

